भा.कृ.अ.प.–राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र, बीकानेर
I.C.A.R.- NATIONAL RESEARCH CENTRE ON CAMEL, BIKANER

स्वच्छता अभियान "स्वच्छता ही सेवा" (11 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2019)

माननीय सचिव, कृषि अनुसन्धान और शिक्षा विभाग एवं महानिदेशक भा.कृ.अ.प., नई दिल्ली के डी.ओ.पत्र क्रमांक Secy,(DARE)&DG(ICAR)2019/721 दिनांक 31.07.2019 एवं भारत सरकार के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, नई दिल्ली के डी.ओ.पत्र 2/2/S(DWS)/19 दिनांक 31.08.2019 तथा माननीय प्रधानमंत्री जी के ''स्वच्छ भारत'' आह्वान के तहत 'स्वच्छता ही सेवा' में विविध कार्यक्रमों/गतिविधियों का आयोजन करने एवं प्लास्टिक का उपयोग न करने हेतु परिषद के द्वारा दिशा-निर्देशों दिए गए है| उपर्युक्त की अनुपालना हेतु केन्द्र में **"स्वच्छता अभियान"** के तहत दिनांक 11 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2019 तक **'स्वच्छता ही सेवा 2019'** के दौरान विभिन्न कार्यक्रम/प्रतियोगिताओं का आयोजन सुनिश्चित किया गया है|

उष्ट्र डेयरी व इसके आस-पास के क्षेत्रों में साफ-सफाई का कार्य : 13.09.2019

'स्वच्छता ही सेवा' अभियान प्रारंभ के तीसरे दिवस पर भाकृअनुप-राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र में उष्ट्र डेयरी व इसके आस-पास के क्षेत्रों में साफ-सफाई आदि का कार्य किया गया। वैज्ञानिकों /अधिकारियों व कर्मचारियों ने सर्वप्रथम उष्ट्र डेयरी में स्थित बाड़ों को स्वच्छ बनाते हुए बाड़ों में उगी खतपतवार, कूड़ा-करकट, दैनिक उपयोग में आने वाली प्लास्टिक आदि को निर्धारित जगहों पर भेजा गया। नोडल अधिकारी ने **'स्वच्छता ही सेवा'** अभियान के तहत आगामी दिवसों में आयोज्य कार्यक्रमो/गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता पर जोर दिया।

RJ07R 6669